संख्याः जी–2–12/दस–2011

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांकः 25 जनवरी, 2011

विषयः **सामान्य भविष्य निधि के मास्टर डेटा को अद्यतन किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा यह तथ्य शासन के संज्ञान में लाया गया है कि सामान्य भविष्य निधि के मास्टर डेटा को अद्यतन किए जाने के संबंध में कुछ सूचनाओं यथा अभिदाता का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, सेवा प्रारम्भ करने की तिथि, वेतन आहरण का मुख्य लेखाशीर्ष, डी0डी0ओ0 का नाम एवं कोड नम्बर आदि की कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद में आवश्यकता है। अतः आप अपने स्तर से अपने से अधीनस्थ आहरण–वितरण अधिकारियों को यह निर्देश दे दें कि वे कृपया उक्त सूचनायें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनूप मिश्र)
प्रमुख सचिव

संख्या–जी–2–12(1)/दस–2011, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– शासन के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।
3– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
5– निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(बी0के0 सिंह)
विशेष सचिव

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 154 सी0 वित्त–01.03.2011–(2482)–3000+2 प्रतियां–(आफसेट)।